DATE 8.7.24
PAGE No. 1

टेंडर हार्ट हाई स्कूल, सेक्टर-33-बी, चण्डीगढ़
कक्षा - चार (4) विषय - हिंदी साहित्य (पाठ-6) भाग 1
शिक्षिकाएँ - रीमा रानी, सुमन शर्मा

## पुस्तक - नवतरंग - 4

### पाठ - 6 'माह अगस्त'

सुप्रभात बच्चो!

आज हम कक्षा-चार की पुस्तक नवतरंग-4 के पाठ-6 'माह अगस्त' को एक पत्र के माध्यम से पढ़ेंगे जो एक अंशुमान नामक लड़के ने लिखा है। यह कार्य आप को 8 .जुलाई, 24 को भेजा जा रहा है।

सब बच्चे अपनी पुस्तक का पृष्ठ-40 खोलेंगे और हिंदी साहित्य की अभ्यास-पुस्तिका और लेखनी लेकर बैठेंगे। मैं पाठ पढ़ाते समय आपसे कुछ प्रश्न पूछती जाऊँगी, जिनके उत्तर आप अपनी पुस्तिका में लिख सकेंगे। यहाँ आप तीन मिनट का अंतराल लेंगे।

बच्चो! एक वर्ष (साल) में बारह महीने होते हैं। हर महीने का अपना-अपना महत्व है। प्रत्येक महीने में प्रकृति में बदलाव आते हैं और विभिन्न त्योहार आते हैं। त्योहार सबके मन में उमंग और उत्साह भर देते हैं। अब यहाँ अंशुमान अगस्त के महीने को पत्र लिख रहा है।

8, प्रेमकुटी
उल्लास नगर
8 जुलाई, 2024

प्रिय माह अगस्त
नमस्ते।

गरमी की छुट्टियों के बाद विद्यालय में

कक्षा- चार (4) विषय- हिंदी साहित्य (पाठ-6)
शिक्षिकाएँ - रेमा रानी, सुमन शर्मा

पढ़ाई शुरू हो गई है। बच्चो! अंशुमान ने यह पत्र जुलाई के महीने में लिखकर कहा है कि अगले महीने आप आने वाले हैं। आपके आने की खुशी में मैं और संपूर्ण प्रकृति प्रसन्न है। वर्षा ऋतु ने सब पेड़-पौधों को नहला दिया है। वातावरण साफ़ और धुला-धुला सा हो गया है। पक्षी चहक-चहककर वर्षा-ऋतु में आपके आने की सूचना दे रहे हैं क्योंकि अगस्त के महीने में ठंडी-ठंडी हवा के झोंके सबको ग्रीष्म ऋतु की तपन से ठंडक प्रदान करती है।

बच्चो! अंग्रेज़ी के बारह महीने जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्तूबर, नवंबर, दिसंबर होते हैं। उसी प्रकार देसी महीनों के नाम इस प्रकार हैं -

चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ (जेठ) आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद (भादों) आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फाल्गुन।

अगस्त के महीने में बच्चो सावन का देसी महीना आता है। सावन के महीने में तीज का त्योहार हम सबका मन खुशी से भर देता है। बच्चो! इस तीज के त्योहार पर लड़कियाँ इकट्ठी होकर झूला झूलती हैं, मेहंदी लगाती हैं, गीत सावन के गाती हैं और नाचती हैं।

अब बच्चो! मैं आपसे प्रश्न पूछूँगी जिसके लिए आप तीन मिनट का अंतराल लेंगे और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 1. यह पत्र किसने, किसको लिखा है?
प्रश्न 2. सावन के महीने में कौन-कौन से त्योहार आते हैं?
प्रश्न 3. वर्षा ऋतु के आने पर चारों ओर का वातावरण कैसा हो जाता है?



Scanned with CamScanner

DATE 8.7.24
PAGE No. 3

कक्षा- चार (4) विषय- हिंदी साहित्य (पाठ-6)
शिक्षिकाएँ - रोमा रानी एवं सुमन शर्मा

बच्चो! अब आपके अंतराल का समय समाप्त हुआ। पूछे गए इन प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार हैं-

उत्तर 1. यह पत्र अंशुमान ने 'माह अगस्त' को लिखा है।

उत्तर 2. सावन के महीने में हरियाली तीज, नागपंचमी, रक्षाबंधन आदि त्योहार आते हैं।

उत्तर 3. वर्षा ऋतु के आने पर वातावरण साफ़ और धुला-धुला सा हो जाता है। पेड़-पौधे नहा लेते हैं। ठंडी-ठंडी हवा चलने लगती है। हलकी-हलकी फुहारें सबके मन को खुशी से भर देती हैं।

बच्चो! अब मैं पाठ को आगे बढ़ाती हूँ। अंशुमान यह पत्र लिखकर अगस्त माह को बता रहा है कि उसके घर के बाहर एक आम का पेड़ है, जिसकी डाली पर मोटी रस्सी से उसके रघु काका ने बच्चों के लिए झूला डाल दिया है। जिस पर सारे बच्चे झूलने आते हैं। जब हलकी-हलकी बारिश की फुहारें पड़ती हैं तो मेरी बहन को और मुझे झूला झूलने में बड़ा आनंद आता है। सावन के महीने में तीज के त्योहार पर बहनें मेहंदी लगाती हैं और हम सब मित्र मिलकर गाते हैं—

सावन की आ गई बहार रे!
बेला- चमेली की कलियाँ चिटक गईं,
महकाता वन की बयार रे---!

इसके बाद अंशुमान ने अगस्त माह को लिखा कि हमारे देश का राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस भी आपके साथ ही बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। 15 अगस्त 1947 को हमारा देश अंग्रेज़ों की गुलामी से आज़ाद हुआ था। इस दिन देश के



Scanned with CamScanner

कक्षा- चार (4) विषय- हिंदी साहित्य (पाठ-6)
शिक्षिकाएँ- रोमा रानी एवं सुमन शर्मा

प्रधानमंत्री लालकिले पर झंडा फहराकर राष्ट्र के नाम संदेश देते हैं। अंशुमान कह रहा है कि हमारे स्कूल में भी स्वतंत्रता दिवस की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। हमारी कक्षा एक सामूहिक गान गाएगी। मैं हारमोनियम बजाऊँगा। माह अगस्त जी! आप भी हमारा कार्यक्रम देखने अवश्य आइएगा।

बच्चो! इस पाठ को अब हम यहीं तक पढ़ेंगे। शेष भाग अगले सप्ताह भेजा जाएगा। अब मैं आपको गृहकार्य करने को दे रही हूँ-

गृहकार्य- सब बच्चे प्रतिदिन पढ़ाए गए पाठ को उच्च स्वर में बार-बार पढ़ेंगे। स्वयं अभ्यास करने से पाठ अच्छी तरह से समझ में आ जाएगा।

सब बच्चे पृष्ठ-53 पर लिखे शब्दार्थ को अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखेंगे और याद करेंगे।

शेष भाग अगले सप्ताह पढ़ाया जाएगा----।

धन्यवाद।

(अंतिम पृष्ठ-4)

Scanned with CamScanner